प्रेषक

महानिदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा
सैक्टर–5, पंचकुला।

सेवा में

सभी प्राचार्या,
हरियाणा राज्य में स्थित राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत

क्रमांक 12/01–2019 प्रश0 (2)
दिनांक 10-6-2025

विषयः– **उच्चतर शिक्षा विभाग से सम्बन्धित सभी मिसल/पत्र माननीय शिक्षा मंत्री हरियाणा को हिन्दी भाषा में प्रस्तुत करने बारे।**

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में।

माननीय उच्चतर शिक्षा मंत्री हरियाणा द्वारा प्रायः यह देखा गया है कि उच्चतर शिक्षा विभाग की सभी मिसल/पत्र बहुतायत अंग्रेजी भाषा में इंगित किये जाते हैं। उनके ध्यान में यह भी आया है कि जिस राज्य मे जो भाषा बोली जाती है उस राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में उस प्रदेश की भाषा को ही वरियता दी जाती है। इस कारण उच्चतर शिक्षा विभाग से सम्बन्धित सभी मिसल/पत्र हिन्दी भाषा में ही उनके सम्मुख प्रस्तुत किये जाएं।

अतः आपसे अनुरोध है कि ऐसे सभी केस जिन मामलों को माननीय शिक्षा मंत्री हरियाणा महोदय के अनुमोदनार्थ/आदेशार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हैं। उन सभी मामलों को हिन्दी भाषा में ही प्रस्तुत किया जाए ऐसा ना करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्व सख्त कार्यवाही की जायेगी।

उक्त आदेशों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाए।

अधीक्षक प्रशासन
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा पंचकूला

IT Cell to uploaded on portal
10/06/2025